परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 02-03-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस लाइन सभागार बस्ती में की गयी अपराध समीक्षा गोष्ठी।**
- **आगामी त्यौहारों पर किए गये पुलिस प्रबन्ध के सम्बन्ध में की गयी समीक्षा।**
- **सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 02.03.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक बस्ती डॉ. यशवीर सिंह के साथ पुलिस लाइन सभागार में जनपद की अपराध व कानून-व्यवस्था समीक्षा गोष्ठी एवं आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध मे की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी ।

गोष्ठी के दौरान डीआईजी बस्ती द्वारा लंबित विवेचनाओ का समयबद्ध निस्तारण करने, अधिकाधिक निरोधात्मक कार्यवाही करने, गैंगेस्टर, वांछित एवं पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी सुनिश्चित करने,चोरी व वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने, रात्रिकालीन गश्त, महिला संबंधी अपराधो, पोक्सो एक्ट,एससी/एसटी एक्ट से संबंधित मामलों मे त्वरित प्रभावी कार्यवाही करने,यक्ष ऐप पर समय से डाटा फीड करने, संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रो मे फूट पेट्रोलिंग करने, मिशन शक्ति केन्द्र को अधिक प्रभावी बनाने, साइबर अपराध, CCTNS, IGRS, NCRB ,कर्मयोगी पोर्टल CM डैशबोर्ड , ITSSO, JMIS आदि पोर्टलो की निरन्तर निगरानी कर कार्यवाही करने , ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत वाहनों का निस्तारण कराने,आगामी त्यौहार रमजान माह/ईद-उल-फितर तथा होली त्यौहार/जुलूस के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर विशेष सतर्कता बरतने, होली त्यौहार से संबंधित निकलने वालों जुलूसों पर सतर्क दृष्टि रखकर सकुशल संपन्न कराने, डीजे/लाउडस्पीकर बजाने के संबंध मे मा0उच्च न्यायालय व शासन के निर्देशो का पालन कराने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया।

उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री श्यामकान्त, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण व समस्तथाना प्रभारी, पुलिस कार्यालय एवं अन्य शाखाओं के प्रभारीगण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती